बीईएमएल ने मेट्रो के लिए बोगी ट्रैक्शन मोटर चालित परीक्षण सुविधा की स्थापना की
**भारत में इस तरह का अद्वितीय प्रकार**

बीईएमएल, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन के भारत सरकार की मिनिरत्न उपक्रम है, ने बेंगलूर में मेट्रो विनिर्माण इकाई में मेट्रो के लिए बोगी ट्रैक्शन मोटर चालित परीक्षण सुविधा की स्थापना की।

बीईएमएल बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में संपन्न समारोह में, श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल और बीईएमएल तथा बीएमआरसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री अजय सेठ, आईएएस, प्रबंध निदेशक, बेंगलूर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (बीएमआरसीएल) द्वारा उक्त सुविधा का उद्घाटन किया गया।



*बीईएमएल बेंगलूर कॉम्प्लेक्स की नई मेट्रो परीक्षण सुविधा के अवसर पर श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी बीईएमएल, अन्य अधिकारियों के साथ श्री अजय सेठ, एमडी, बीएमआरसीएल दर्शित हैं।*

देशज विकसित उक्त सुविधा भारत में इस तरह का अद्वितीय प्रकार है, जो मेट्रो ट्रेन की सवारी की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करेगी और कोचों की विश्वसनीयता को बढ़ाएगी। यह ट्रैक्शन मोटर्स से पहियों तक ड्राइव की जांच के लिए विद्युत ड्राइव टाइप पर परिचालित होगी।

यह याद किया जा सकता है कि बीईएमएल ने बीएमआरसीएल को 150 मेट्रो कारों की आपूर्ति की है, जो 3 कार ट्रेन सेट के रूप में चल रही हैं।

उपरोक्त के अलावा, 192 कारों के एक अनुबंध की ओर, बीईएमएल ने 6 कारों के ट्रेन सेटों में परिवर्तित करने के लिए अब तक 105 कारों को आपूर्ति की है और शेष कारों को उत्तरोत्तर रूप में जून 2020 तक वितरित किया जा रहा है, जिससे बेंगलूर यातायात को कम करने में सहायता मिल रही है।

बीईएमएल बेंगलूर, दिल्ली और जयपुर को पहले ही आपूर्ति की गई कारों के अलावा वर्तमान में कोलकाता और मुंबई को विश्व स्तरीय मेट्रो कारों की आपूर्ति कर रहा है। बीईएमएल भारतीय मेट्रो खंड में 48% बाजार हिस्सेदारी के साथ अग्रणी निर्माता है।

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा मीडिया रिलीस
दिनांक : 13.09.2019

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
एस. रमानंद
सहायक महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)
बीईएमएल लिमिटेड
23/1, चौथा मेन, एस.आर. नगर,
बेंगलूर - 560 027
दूरभाष : 080-22224457
मोबाइल : +91 97 413 51582